आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

30.07.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश का सकल घरेलू उत्पाद आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।
- केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि इस वर्ष अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के शिबपुर और कार निकोबार सहित देश भर के बारह हवाई अड्डे में उड़ान योजना का संचालन शुरू हो सकता है।
- दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से स्वराज द्वीप में कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान और अनीमिया मुक्त जिला अभियान की शुरूआत की गई है।
- शहीद द्वीप पुलिस ने हाल ही में चार सौ पन्द्रह ग्राम गांजा ज़ब्त कर एक महिला को गिरफ्तार किया।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश का सकल घरेलू उत्पाद आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब देश वैश्विक रूप से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन जाएगा। आज नई दिल्ली में विकासशील भारत की यात्राः केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस के बाद का सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महामारी से जूझने के बाद भी भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों पर ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस गति और पैमाने पर सरकार बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय को संसाधन निवेश का सबसे बड़ा उत्पादक माध्यम कहा जाता है। श्री मोदी ने कहा कि दो हजार चार में यूपीए सरकार के पहले बजट में पूंजीगत व्यय लगभग नब्बे हजार करोड़ रूपये था और दो हजार चौदह में यह बढ़कर दो लाख करोड़ रूपये हो गया। दिनभर चलने वाले इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा किया जा रहा है और इसका उद्देश्य विकास के लिए सरकार के व्यापक विजन और इस प्रयास में उद्योग की भूमिका की रूपरेखा प्रस्तुत करना है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि इस वर्ष अंडमान निकोबार के शिबपुर और कार निकोबार सहित देश भर के बारह हवाई अड्डे में उड़ान योजना का संचालन शुरू हो सकता है। उड़े देश का आम नागरिक– उड़ान योजना के अंतर्गत वर्तमान में तेरह हेलीपोर्ट और दो जल हवाई अड्डे सहित पच्चासी हवाई अड्डों को जोड़ने वाले कुल पांच सौ उन्यासी मार्ग शुरू किए गए हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने कल राज्यसभा में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने देशभर में इक्कीस नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिए मंजूरी दे दी है, इनमें से बारह ग्रीनफ़ील्ड हवाई अड्डे पिछले दस वर्ष में शुरू किए गए हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से स्वराज द्वीप में कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान और अनीमिया मुक्त जिला अभियान की शुरूआत की गई है। समाज कल्याण विभाग और होप फाउंडेशन के सहयोग से सहायक आयुक्त कार्यालय में सहायक आयुक्त विक्रम सिंह ने इसका उद्घाटन किया। कुपोषण मुक्त ज़िला अभियान में आवश्यक पोषण सामग्रियों के जरिए कुपोषण पर काबू पाया जा सकेगा और इससे स्वास्थ्य देखभाल में और सुधार आएगा। अनीमिया मुक्त ज़िला अभियान के जरिए गर्भवती महिलाओं में अनीमिया को कम करने में मदद मिलेगी। समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और होप फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों के जरिए साठ दिनों तक निगरानी की जाएगी और व्यापक स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराया जाएगा।

<><><><><><><>

बैंगलुरू में छब्बीस से अट्ठाईस जुलाई तक आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट का समापन हो गया है। अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष एम विनोद के नेतृत्व में द्वीपसमूह से भी सदस्यों ने इसमें भाग लिया। आटो के पवेलियन का उद्घाटन पुदुचेरी के पर्यटन मंत्री के. लक्ष्मी नारायणन ने किया। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में बीस राज्यों के अलावा कई अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों ने भी भाग लिए। आटो की ओर से अंडमान को एक प्रमुख पर्यटक गंतव्य बनाने के लिए तस्वीरें पेश की गई।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप पुलिस ने हाल ही में चार सौ पन्द्रह ग्राम गांजा ज़ब्त कर एक महिला को गिरफ्तार किया। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम गठित कर नील केन्द्र वार्ड नम्बर चार में छापा मारकर अड़तालीस वर्षीया अंजला देवी नामक एक महिला को गिरफ्तार किया। रात के समय हुई छापा मारी को देखते हुए आरोपी महिला को दूसरे दिन सुबह गिरफ्तार किया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया। जांच में आरोपी महिला पहले से ही इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाई गई है। यह पूरा अभियान दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की निगरानी में चलाया गया।

<><><><><><>

डॉ. बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और राजकीय बहुशिल्प संस्थान डिगलीपुर में इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग के डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों के लिए सभी पाठ्यक्रमों के वास्ते बचे हुए सीटों के लिए तीसरे चरण का मौके पर परामर्श दो और तीन अगस्त रखा गया है। उम्मीदवार निर्धारित तिथि में अपने मूल दस्तावेजों और इसकी प्रतिलिपियों के साथ सीधे इन संस्थानो में उपस्थित हो सकते हैं। जिन उम्मीदवारों ने प्रवेश के लिए पहले चरण मे सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल में आवेदन नहीं किए हैं और जो इन संस्थानों में प्रवेश पाना चाहते हैं, वे पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह पोर्टल कल से चार अगस्त तक खुली रहेगी। आवेदन करने के बाद उम्मीदवार सीधे मौके में प्रवेश के लिए पांच और छः अगस्त को इन संस्थानों में उपस्थित रह सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में पांच वर्षीय समन्वित पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सामान्य और श्रेणीवार वरीयता सूची कॉलेज के सूचना पट्ट के अलावा सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। दावे और आपत्तियां तीन अगस्त तक कॉलेज के मेल पर भेजे जा सकते हैं।

उधर, इग्नू के बी एससी पाठ्यक्रम के सभी पुराने और नए सिलेबस की कक्षाएं पांच अगस्त से जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय स्थित अध्ययन केन्द्र में शुरू किया जाएगा। पाठ्यक्रम की सारणी कॉलेज के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है।

<><><><><><>

वन महोत्सव मनाए जाने के सिलसिले में सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था चेतना की ओर से आर जी टी पब्लिक विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा नवीं और दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में आर जी टी पब्लिक विद्यालय की कक्षा नवीं की छात्रा शयोनी दास को पहला, एन सी एस की दसवीं की छात्रा दीक्षा पांडे को दूसरा और खालसा पब्लिक विद्यालय की दसवीं की छात्रा एस. शिवारंजनी को तीसरा स्थान मिला। मुख्य अतिथि जॉय कुमार रॉय द्वारा विजेताओं में पुरस्कार बांटे गए।

<><><><><><>

मशहूर गायक मोहम्मद रफ़ी की चवालीसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर कल पोर्ट ब्लेयर के केरला समाजम में संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कल शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट पर आरंभ होगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय और भातुबस्ती स्कूल मैदान में कुल पांच मैच खेले गए।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक पन्द्रह दशमलव छः मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तेरह दशमलव आठ, लांग आइलैंड में दो दशमलव छः और ननकौड़ी में एक दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><>